छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
——00——

क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/10/2022

प्रति,

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर, अटल नगर।

**विषय :–** **सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व–पंजीयन बाबत्।**

**संदर्भ :–** इस कक्ष का समसंख्यक पत्र दिनांक 29.01.2022 एवं स्मरण पत्र दिनांक 02.02.2022, 07.03.2022, 13.04.2022, 08.06.2022 व 03.08.2022

——00——

उपरोक्त विषयान्तर्गत सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके अधीनस्थ विभाग एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL - https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा दिनांक 25.04.2022 तक स्व–पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये है तथा कार्यवाही अपेक्षित होने पर समय–समय में स्मरण पत्र भी जारी किया गया है।

2/ आर.टी.आई पोर्टल में दिनांक 29.07.2022 की स्थिति में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 431 जनसूचना अधिकारी द्वारा अपना पंजीयन किया गया जिसमें से 124 ऑन–बोर्डिंग फार्म पूर्ण रूप से भरे है। 12 ऑन–बोर्डिंग फार्म को ही प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में नोडल अधिकारी के पास 13 तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास 94 ऑन–बोर्डिंग फार्म लंबित है। सुलभ संदर्भ हेतु छायाप्रति संलग्न है।

3/ अतः आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों के जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारियों का स्व–पंजीयन/अनुमोदन वेबसाईट https://rtionline.cg.gov.in में तत्काल करावें, ताकि प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जा सके।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

(मेरी खेस्स)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग